राजेश कुमार, भा.प्र.से., आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया द्वारा दिनांक-12.05.2026 को प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, कोचाधामन, किशनगंज का किये गये औचक निरीक्षण की निरीक्षण टिप्पणी :-

आज दिनांक-12.05.2026 को प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, कोचाधामन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय परिसर में अवस्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के उपरांत निम्नांकित बिन्दुओं पर कार्रवाई का निदेश दिया जाता है :-

1. प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, कोचाधामन के परिसर में काफी गंदगी पायी गयी। काफी अनावश्यक सामग्री प्रखंड कार्यालय तथा बाहर में यत्र-तत्र रखा पाया गया। कार्यालय एवं परिसर की विधिवत साफ-सफाई कराने का निदेश दिया गया। प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय के निरीक्षण/भ्रमण के दौरान परिसर की साफ-सफाई तथा खाली जगहों पर वृक्षारोपण करने का निदेश दिया गया।
2. प्रखंड कार्यालय, कोचाधामन का सामान्य रोकड़ बही दिनांक-31.03.2026 तक संधारित पाया गया। यह पाया गया कि अग्रिम मद में लगभग 1.73 करोड़ राशि है जबकि लगभग 1.55 करोड़ राशि का अभिश्रव समायोजन हेतु कार्यालय में लंबित है। प्रखंड विकास पदाधिकारी, अमौर को अभियान चलाकर लंबित अग्रिम अभिश्रव के समायोजन की कार्रवाई का निदेश दिया जाता है। जिला पदाधिकारी, किशनगंज इसका Monitoring करेंगे।
3. **उपरोक्त समायोजन की कार्रवाई में Substantial प्रगति होने तक संबंधित प्रधान लिपिक एवं नाजीर का वेतन भुगतान स्थगित रहेगा। इस संबंध में जिला पदाधिकारी समीक्षा कर आदेश निर्गत करेंगे।**
4. कार्यालय में आगत निर्गत पंजी, अनुक्रमणी पंजी तथा संचिका का विधिवत् संधारण किया जाय। कर्मियों के कर्म पुस्तिका का संधारण यथोचित रूप से कराते हुए अद्यतन रखा जाय।
5. निरीक्षण के क्रम में श्री परमेश्वर ऋषि, अन्धासुर मेला गाँव दोघरिया, पंचायत-पुरन्दाहा, अंचल-कोचाधामन, जिला-किशनगंज द्वारा अधोहस्ताक्षरी को बिहार सरकार की जमीन/अन्धासुर शिव मंदिर, शिवरात्री मेला राजस्व डाक मेला हाता में अतिक्रमण के संबंध में आवेदन दिया गया। श्री राजेन्द्र राम, स्व0-सनीचर राम, निवासी-पाटकोई कला, थाना-कोचाधामन, जिला-किशनगंज द्वारा पंचायत भवन की चार दिवारी हटाकर रोड निर्माण करने के संबंध में अपना आवेदन दिया गया। जिला पदाधिकारी, किशनगंज को उपरोक्त आवेदन भेजते हुए शीघ्र कार्रवाई का निदेश दिया जाता है।

ह०/-
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 2539 पूर्णिया, दिनांक 13-5-2026

प्रतिलिपिः- जिला पदाधिकारी, किशनगंज को कुल दो उपरोक्त वर्णित आवेदन के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- उप विकास आयुक्त/अपर समाहर्त्ता/अनुमंडल पदाधिकारी/भूमि सुधार उप समाहर्ता, किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी, कोचाधामन को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

Rajesh K.
13/5/2026
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।